मिनीकिट का आवंटन निशुल्क किया जाएगा

श्रीगंगानगर, (कासं)। बाजरा, मूंग, मोठ व ढेंचा सहित खरीफ की फसलों की बुवाई करने वाले किसानों के लिए अच्छी खबर है। कृषि विभाग की ओर से खरीफ की प्रमुख फसलों के उन्नत किस्म के निशुल्क मिनीकिट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मिनीकिट का आवंटन निशुल्क किया जाएगा। अच्छी बात है कि मिनीकिट वितरण के लिए किसानों का चयन एक कमेटी की ओर से किया जाएगा। इससे चहेतों को मिनीकिट बांटने जैसे विवादों पर अंकुश लग जाएगा।

अभियान में मंदिर माफी भूमि पर काश्त करने वाले किसान भी मिनीकिट ले सकेंगे। बीज मिनीकिट लघु व सीमांत महिला किसानों को ही दिए जाएंगे। कृषि विभाग ने श्रीगंगानगर सहित सहित प्रदेश के लिए मिनीकिट वितरण का लक्ष्य आवंटित कर दिया है। लक्ष्य के अनुसार श्रीगंगानगर में मूंग के 66 सौ, मोठ के एक हजार व ढेंचा बीज के पांच हजार मिनीकिट बांटे जाएंगे। अधिकांश ब्लॉक में मिनीकिट की सप्लाई पहुंच गई तथा 30 जून तक मिनीकिट का वितरण किया जाना है। मिनीकिट वितरण के लिए कृषि विभाग ने फील्ड स्टॉफ को दिशा निर्देश जारी किए हैं। मिनीकिट वितरण के दौरान उन लघु व सीमांत किसानों को ही बांटे जाएंगे जिन किसानों ने पिछले साल मिनीकिट नहीं लिए हैं। वहीं मिनीकिट के बीजों के अंकुरण और उपज पर कृषि अधिकारी निगरानी रखेंगे। मिनीकिट वितरण कृषि पर्यवेक्षक, ग्राम पंचायत की ओर से गठित कमेटी के माध्यम से किया जाएगा। संयुक्त निदेशक कार्यालय में कृषि अनुसंधान अधिकारी (शष्य) जगजीत सिंह ने बताया कि ढेंचा किस्म की खाद से बुवाई से खेत की उर्वरा क्षमता बढ़ती है।

शोभायात्रा के साथ हुए धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम

बीकानेर, (कासं)। माहेश्वरी जाति ने उत्पत्ति दिवस महेश नवमी का पर्व बड़े ही उल्लासपूर्ण वातावरण में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया श्रीकृष्ण माहेश्वरी मण्डल के प्रचार मंत्री शिव प्रसाद राठी ने बताया कि बीकानेर माहेश्वरी समाज के लोगों ने इस पर्व को सदैव की भांति संगठित होकर वार्षिकोत्सव के रूप में मनाया।

मण्डल अध्यक्ष सत्यनारायण राठी ने बताया कि

■ **महेश नवमी का पर्व प्रातः 8 बजे से देर रात्रि 11 बजे तक विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ बीकानेर में अलग-अलग स्थानों पर मनाया गया**

महेश नवमी पर्व माहेश्वरी समाज का प्राकट्य दिवस है अर्थात् इस दिन से ही भगवान महेश के आशीर्वाद से हम भगवान महेश की संतान कहलाने लगे। महेश नवमी का पर्व प्रात: 8 बजे से देर रात्रि 11 बजे तक विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ बीकानेर में अलग-अलग स्थानों पर मनाया गया जिसमें न केवल बीकानेर माहेश्वरी संस्थाऐं अपितु सम्पूर्ण बीकानेर का माहेश्वरी समाज जिसमें सभी आयु वर्ग के बुजुर्ग, पुरुष-महिलाऐं एवं युवा वर्ग आदि ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाते हुए भाग लिया।

मण्डल मंत्री सुशील करनाणी के अनुसार सर्वप्रथम मोहता मरूनायक चैक स्थित मण्डल कार्यालय में भगवान शिव परिवार की विधिपूर्वक पूजा एवं आरती की गई, उपस्थित समाज बन्धुओं को प्रसाद भी वितरण किया गया। तत्पश्चात् प्रात: 9 बजे मरूनायक मंदिर में परम्परा निर्वहन करते हुए पूर्व मंत्री गोपाल कृष्ण मोहता की उपस्थिति में कलम, दवात एवं तराजू का पूजन किया गया। प्रात: 10 बजे विश्वकर्मा गेट के बाहर स्थित बिन्नाणी बगेची में भगवान शिव का अभिषेक एवं आरती की गई।

मण्डल के उपमंत्री पवन कुमार राठी ने बताया कि वार्षिकोत्सव के अन्तर्गत शाम 5 बजे डागा चैक स्थित महेश भवन से सचेतन झांकियों सहित भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें मुख्य रूप से भगवान गणेश, भगवान शिव, नृसिंह भगवान, राम दरबार, शिव परिवार, हनुमान जी आदि की लगभग 15 सजीव झांकिया शामिल थी। यह शोभा यात्रा विभिन्न माहेश्वरी बाहुल्य क्षेत्र बिन्नाणी चैक, तेलीवाड़ा चैक, मोहता चैक, दम्माणी चैक, गोपीनाथ भवन, डागा चैक, बी.के. स्कूल, बिन्नाणी निवास, जस्सूसर गेट होते हुए माहेश्वरी सदन लक्ष्मीनाथ मंदिर सम्पन्न हुई। शोभा यात्रा में जहां एक ओर आगे-आगे बैंड की मधुर ध्वनि में भगवान के भजन हो रहे थे वही सचेतन झांकियों के साथ-साथ माहेश्वरी पुरुष-महिलाऐं, युवक-युवतियां निर्धारित ड्रेस कोड में भगवान महेश के नारो "जय महेश-जय महेश" से सम्पूर्ण वातावरण को भक्तिमय बना रहे थे।

इस भव्य शोभायात्रा का एक ओर आकर्षण यह भी रहा कि शोभा यात्रा के बाहरी जिले से आये हुए 20 सदस्यों ने जगह-जगह अपनी अलग-अलग कला का प्रदर्शन करते हुए शोभा यात्रा को अधिक यादगार बना दिया। माखन भोग में आयोजित सांस्कृतिक एवं भक्तिमय भजन संध्या कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में गंगाशहर थाना वृत्ताधिकारी श्रीमती शालिनि बजाज एवं नीरज के. सर प्रमुख थे।

महेश नवमी पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में दी रंगारगी प्रस्तुतियां।

मर्डर की गुत्थी को पुलिस ने 24 घण्टो में सुलझाई

बीकानेर, (कासं)। करमिसर गांव में हुए एक मर्डर की गुत्थी को पुलिस ने 24 घण्टो में सुलझा लिया हैं और आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया है। आरोपी को आज कोर्ट में पेश किया जाएगा।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मामलें में कोलायत हाल निवासी राजीव नगर के मघाराम को गिरफ्तार किया गया है। शुरुआती जानकारी में सामने आया है कि आरोपी एवं मृतक एक दूसरे से अनजान थे मघाराम का करमीसर गांव में ननिहाल है और उसने भोजूसर में खेत काश्त कर रखा है।गुरुवार की रात हुआ पेट्रोल पंप पर गाड़ी में पेट्रोल भरवाने आया था वहां से जब वापस लघु शंका के लिए सुनसान जगह पर रुका तो वहां से पहले से बैठे शराब की नशे में धुत्त मदनलाल ने उसके साथ गाली गलौज की ।जिस पर दोनों के बीच में हाथापाई हुई । तैश में आकर मघाराम ने वहां पड़ी बियर की बोतल तोड़कर मदनलाल की गर्दन में घुसा दी और उसके बाद बाइक लेकर मौके से फरार हो गया। इस घटना में करमीसर के वार्ड नंबर 23 के निवासी मदनलाल (25) पुत्र गुणाराम जाट की मौत हो गई।

सीईओ शालिनी बजाज,नाल एसएचओ महेंद्र दत्त शर्मा, एएसआई सुभाष यादव ,सिपाही निहालचंद व पवन कुमार की विशेष टीम ने इस ब्लाइंड मर्डर से पर्दाफाश किया ।घटनास्थल के आसपास एक व्यक्ति के जूते के निशान मिले, पुलिस ने बारीकी से जांच की तो सामने आया कि जूते पहनने वाला व्यक्ति कुछ देर ठहरने के बाद बाइक से रवाना हो गया ।इसी को आधार बनाकर पुलिस ने पेट्रोल पंप के सीसीटीवी फुटेज संभाले तब पुलिस को बाइक पर एक व्यक्ति जाता हुआ नजर आया।

सार-समाचार

बेटिकट यात्री से वसूला जुर्माना

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर रेल मंडल पर अनाधिकृत या बिना टिकट यात्रा रोकने तथा आरक्षित कोचों में अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश की रोकथाम के लिए 14 से 21 जून तक विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में 386 व्यक्तियों से 169,535 रूपये जुर्माने एवम अतिरिक्त किराए के रूप में वसूले गए। सहायक वाणिज्य प्रबंधक (पीएस) राजकुमार स्वर्णकार के नेतृत्व में की गई इस स्पेशल चेकिंग में टिकट चेकिंग के 19 स्टाफ सम्मिलित रहे जिन्होंने मंडल के बीकानेर-सूरतगढ़- हनुमानगढ़- बठिंडा तथा बठिंडा- सिरसा -भिवानी एवं हिसार – चूरू -बीकानेर रेलमार्गों पर विभिन्न ट्रेनों में टिकट चेकिंग की । इस अभियान में गाड़ी संख्या 19226 जम्मू तवी-जोधपुर एक्सप्रेस, 15910 लालगढ़-डिब्रूगढ़ अवध असम एक्सप्रेस,14888 बाड़मेर -ऋषिकेश एक्सप्रेस, 14887 ऋषिकेश -बाड़मेर एक्सप्रेस, 12455 दिल्ली सराय रोहिल्ला -बीकानेर सुपरफास्ट, 04090 हिसार-नई दिल्ली फास्ट पैसेंजर स्पेशल,12555 गोरखपुर -बठिंडा गोरखधाम एक्सप्रेस, 12556 बठिंडा-गोरखपुर एक्सप्रेस,14732 बठिंडा -दिल्ली सराय रोहिल्ला किसान एक्सप्रेस, 12440 श्री गंगानगर-नांदेड़ एक्सप्रेस,19720 सूरतगढ़-जयपुर एक्सप्रेस सहित कुल 26 ट्रेनों में टिकट चेकिंग की गई।इसके अतिरिक्त आरक्षित कोचों से 140 अनाधिकृत व्यक्तियों को उतारा गया। इस विशेष अभियान के साथ-साथ मंडल के अन्य ट्रेनों और स्टेशनों में की गई सामान्य चेकिंग से भी 405 प्रकरणों में 2,48,775 रुपए की आय हुई। इस तरह एक दिन में मंडल को 791 मामलों से टिकट चेकिंग में कुल 4,18,430 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ।

गर्मी से राहत नहीं, पारा 43 के पार

बीकानेर, (कासं)। राज्य के कई हिस्सों में प्रीमानसुन की बारिश हो चुकी है लेकिन बीकानेर अब तक इस राहत से अछुता है तापमान है कि कम होने का नाम ही नही ले रहा है रविवार को भी लोगों को गर्मी से राहत नही मिली दोपहर में झुलसाने वाली गर्मी के साथ पारा 43.4 डि.सै. तक पहुच गया। इसमें गिरावट की उम्मीद ही नही है। पिछले एक साप्ताह से बीकानेर में तापमान लगातार 40डि.सै. से ऊपर ही रहा है नौतपा के चलते 25 मई से 2 जुन तक पारा 45 के पार रहा और अब 42 से पार है।जुन के पहले सप्ताह में आशिक राहत मिलने के अलावा सुर्यआग उगल रहा है ना सिर्फ दिन में बल्कि रात में भी पारा 30 डिग्री से ऊपर चल रहा है तापमान में यह गिरावट नही होने से लोग एसी का उपयोग कर रहे है। इससे बिजली की खपत बढ गई और बिजली कम्पनी हर रोज कटौती कररही है मौसम विभाग ने आने वाले दिनो में बारिश की कोई उम्मीद नही जताई है वही राज्य के कई जिलों में प्री मानसुन की बारिश हो चुकी है यहा तक की पश्चिमी राजस्थान के जैसलमेर में भी पिछले दिनों प्री मानसुन की बारिश हो गई बीकानेर में अब तक मानसुन की आहट सुनाई नही दे रही हे।

पति को तलाक दिए बिना दूसरी शादी की

बीकानेर, (निसं)। जिले के छत्तरगढ़ पुलिस थाना क्षेत्र में एक विवाहिता ने अपने पहले पति को तलाक दिए बगैर ही दूसरी शादी रचा ली। पीड़ित पति ने पुलिस थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के मुताबिक पीड़ित मुनसब अली पुत्र आशक अली है जो कि छत्तरगढ़ के चक 03 सीएचडी का रहने वाला है। पीड़ित पति की ओर से फरीदा पुत्री जानू खां, मुस्तफा पुत्र अमजद अली, नजर खां पुत्र मैदे खां, हाफिज सलीम पुत्र अली शेर खां व नजीर खां पर आरोप लगाया है। आरोप लगाया है कि आरोपितों ने कूटरचना कर उसकी पत्नी की बगैर तलाक दिए दूसरे स्थान पर शादी करवा दी। पुलिस के मुताबिक यह घटना आरडी 465 लाखनसर गांव की है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

मृत मिले व्यक्ति की नहीं हुई शिनाख्त

बीकानेर, (निसं)। गत 10 जून को उदयरामसर गांव के मुख्य मार्ग पर मृत अवस्था में मिले व्यक्ति के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। मृतक की शिनाख्त के लिए पुलिस व संस्थाओं ने प्रयास किए लेकिन वे नहीं मिले। इस पर शव का अंतिम संस्कार करवा दिया गया। मृतक ने काले रंग की पेंट पहन रखी थी और इसके दायें हाथ पर गोविन्दराम डूडी नाम का टैटू बना हुआ था। कमर में काले रंग की कंडोरी व गले में लाल रंग की मोली पहनी हुई थी। गंगाशहर थाना पुलिस के रामफूल मीणा व सीताराम, असहाय सेवा संस्थान के राजकुमार खड़गावत, आसुराम कच्छावा, त्रिलोक सिंह, गुरविन्दर सिंह, विकास सोनी की मौजूदगी में शव का अंतिम संस्कार कराया गया।

हमला करने का आरोप, मामला दर्ज

बीकानेर, (कासं)। मुक्ताप्रसाद थाना इलाके में एक युवक ने चार जनों के खिलाफ पिस्तौल दिखाकर डराने और चाकू से वार कर घायल करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। पीड़ित रुखमणि दास ने बताया कि रामपुरा बस्ती गली नंबर 14 निवासी ओमप्रकाश नाई, शिव, उसकी मां व बहन ने 14 जून की रात को उसके साथ मारपीट की। आरोपियों ने उसे पिस्तौल दिखाकर डराया-धमकाया। बाद में चाकू से पीठ पर वार किए, जिससे वह घायल हो गया। इसके बाद आरोपियों ने लात-घूंसों से मारपीट की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

विधायक डॉ. विश्वनाथ अस्पताल में भर्ती

बीकानेर, (कासं)। जिले के खाजूवाला विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ विश्वनाथ मेघवाल को सीने में दर्द की शिकायत होने पर आज उन्हें पीबीएम अस्पताल के हार्ट सेन्टर में भर्ती करवाया गया है। जहां डॉ. पिंटू नाहटा व उनकी टीम उनका इलाज करने में जुटी है। बताया जा रहा है कि उनको काफी आराम है। सूचना जैसे ही भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को लगी तो अस्पताल में उनकी कुशलछेम पूछने वालों का तांता लगा हुआ है।

पाँच दिवसीय संस्कार निर्माण शिविर का समापन

बीकानेर, (कासं)। आशीर्वाद भवन, गंगाशहर। श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी महासभा के तत्वावधान में तेरापंथी सभा गंगाशहर द्वारा पाँच दिवसीय संस्कार निर्माण शिविर का समापन समारोह डॉ. समणी मंजूप्रज्ञा एवं समणी स्वर्णप्रज्ञा के सान्निध्य में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ नोखा के शिविरार्थियों द्वारा प्रस्तुत मंगलाचरण से हुआ। शिविर सह संयोजक प्रदीप लोढ़ा ने शिविर प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि शिविर में बच्चों ने योगासन, कायोत्सर्ग, प्रेक्षा ध्यान, जीवन विज्ञान, जीवन जीने के तरीका का प्रशिक्षण प्राप्त किया। समणी डॉ. मंजूप्रज्ञा जी ने जैन दर्शन, तत्वज्ञान, तेरापंथ दर्शन, तेरापंथ की परम्पराओं और सिद्धान्तों की जानकारी साझा करते हुए संस्कार निर्माण शिविरों की उपयोगिता प्रतिपादित की। उन्होंने भगवान महावीर के समता दर्शन का अध्ययन करने के लिए कहा और प्रतिदिन सामायिक साधना करने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया।

समणी स्वर्णप्रज्ञा ने बताया कि शिविरार्थी बच्चों ने प्रतिदिन 8 से अधिक सामयिक, मौन साधना का अभ्यास, आहार संयम का जीवन जीने का अभ्यास किया। उन्होने बताया कि संस्कारो से ही बड़ी सफलता पाई जा सकती है। आपकी डिग्री तो महज एक कागज का टुकडा है, असली शिक्षा तो आपका व्यवहार है। शिविरार्थी जयेश छाजेड़, पुनीत बोथरा, यश बांठिया, शुभम बोथरा, यश बुच्चा, हर्षित नौलखा, दिव्यम गुलगुलिया, मुदित गोलछा, ईशान रांका ने अपने अनुभव साझा किए। संस्कार निर्माण शिविर में कार्तिक नाहटा को श्रेष्ठ शिविरार्थी, यश बांठिया को अनुशासित शिविरार्थी धरणेन्द्र चोरडिया को संस्कारी शिविरार्थी, यश चोपड़ा को संयमी शिविरार्थी, करण गिडिया को समयबद्ध शिविरार्थी का सम्मान किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। 97 शिविरार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

शिविर में प्रशिक्षण देने आये हुए अहमदाबाद से मिनल चौपड़ा. मोटीवेटर पीयूष नाहटा, योग प्रशिक्षक धीरेन्द्र बोथरा, प्रदीप कुमार ललवाणी, रेखा चौरडिया, चक्रवर्ती नारायण श्रीमाली, ममता रांका को मोमेंटो से सम्मानित किया गया। महासभा के संरक्षक जैन लूणकरण छाजेड़, महासभा के शिविर सह-संयोजक भैंरूदान सेठिया, युवक परिषद अध्यक्ष महावीर फलोदिया, महिला मंडल अध्यक्षा संजू लालाणी, शान्ति प्रतिष्ठान के मंत्री दीपक आंचलिया, अणुव्रत समिति के मंत्री मनीष, धर्मेंद्र डाकलिया, तेरापंथ प्रोफेशनल फॉरम के अध्यक्ष डॉ. संजय लोढा ने अपने विचार व्यक्त किये।

युवक परिषद का शपथ ग्रहण समारोह

नोखा, (कासं)। रविवार को शासन गौरव साध्वी राजीमति के पावन सानिध्य में तेयूप नोखा का शपथ ग्रहण समारोह जैन संस्कार विधि से आयोजित किया गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष निर्मल चोपड़ा, मंत्री सुरेश बोथरा एवं पूरी टीम को भूतपूर्व अध्यक्ष गजेंद्र पारख ने शपथ दिलवाई। संस्कारक इंदरचंद बैद ने जैन मंत्रोच्चार के साथ मंगल भावना पत्रक की स्थापना करके दुपट्टा पहना कर अभिनंदन किया। सभा की ओर से लाभचंद छाजेड़ , मंत्री मनोज घिया, महावीरनाहटा ने दुपट्टा पहना कर स्वागत किया। शासन गौरव साध्वी राजीमतिजी ने कहा युवा शक्ति का प्रतीक होता है। विवेक, संयम और शक्ति की आराधना करें । धर्म संघ की सेवा करें। मर्यादा अनुशासन में रहें। इस भव्य कार्यक्रम में तेरापंथ सभा, महिला मंडल, एवं युवकों की अच्छी उपस्थिति रही । प्रारंभ में विजय जीत का संगान युवकों ने नए जोश के साथ किया।

रेलवे कर्मचारी कबाड़ से बना रहे हैं सजावटी सामान

बीकानेर, (कासं)। रेलवे वर्कशॉप में काम करने वाले कर्मचारी कबाड़ से कमाल कर रहे है। यहां कर्मचारी स्क्रेप को बेहतर तरीके उपयोग में लेकर तरह-तरह के सजावटी समान बनाने के साथ वर्कशॉप में रोजाना काम आने वाले आइटम बना रहे हैं। जिससे स्क्रेप निस्तारण होने के साथ विभाग को फायदा भी हो रहा है।

देश मे फैक्ट्रियों और कारखानों से निकलने वाले स्क्रेप का निस्तारण आज प्रमुख समस्या बना हुआ है। लेकिन 98 साल पहले यानि वर्ष, 1926 में बीकानेर में स्थापित हुए रेलवे के कैरिज एवं वैगन वर्कशॉप में अब बॉगी मेन्टीनेंस का कार्य किया जाता है। जिसमें स्क्रेप भी निकलता है। इस स्क्रेप से यहीं कार्य करने वाले रेलवे कर्मचारी नए-नए इनोवेशन कर रहे हैं। वर्कशॉप के सीडब्यूएम विकास अग्रवाल ने बताया कि स्क्रेप से यहां टूल्स, ट्रॉली, मॉडल व अन्य उपयोगी आइटम्स बनाए जा रहे हैं।

इस कारखाने में काम करने वाले कर्मचारियों ने स्क्रेप से रेलवे के कई मॉडल तैयार किए है जो नए कर्मचारियों की ट्रेनिंग में काफी उपयोगी साबित हो रहे हैं। इन इनोवेशन के कारण वर्कशॉप को रेलवे बोर्ड स्तर पर सम्मानित भी किया गया है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार स्क्रेप के बेहतर उपयोग से रेलवे कर्मचारियों को मोटिवेशन मिल रहा है जिससे उन्हें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का मौका मिल रहा है। स्क्रेप से मॉडल या अन्य आइटम किसी कर्मचारी को बनाते देख अन्य कर्मचारियों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का उत्साह उत्पन्न होता है और उसके माइन्ड में नए-नए आइडिया भी आते हैं।

अभी तक इस रेलवे वर्कशॉप में डेढ़ दर्जन से ज्यादा मॉडल, आइटम्स बनाए गए हैं, जिनमें से कुछ को बीकानेर और लालगढ़ रेलवे स्टेशन पर प्रदर्शित किया गया है।

हनुमानगढ़-गंगानगर से गुजरेंगी 5 नई ट्रेनें

हनुमानगढ़, (कासं)। जिले को पांच नई ट्रेनों की सौगात मिलने वाली है। इसकी तैयारी रेल मंडल स्तर पर की जा रही है। यह बात उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ के नवनिर्वाचित मंडल मंत्री इश्पाक खान ने जिला मुयालय पर मीडिया से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि रणकपुर एक्सप्रेस के साथ ही किसान एक्सप्रेस को भी हनुमानगढ़ से चलाने की तैयारी है। इस तरह आने वाले दिनों में लंबी दूरी की कई ट्रेनें हनुमानगढ़ को मिलने वाली हैं।

उन्होंने कहा कि रेलवे लाइन को इलेक्ट्रिक करने का काम पूर्ण हो गया है। छोटे रूट पर इलेक्ट्रिक इंजन से गाड़ियां चलाई जा रही है। आगे मांग के अनुसार इलेक्ट्रिक इंजन रेलवे मंडल को मिलने पर लंबी दूरी की ट्रेनें भी इलेक्ट्रिक चलने लगेगी। वाशिंग लाइन स्वीकृत होने से यहां पर रेलवे के करीब डेढ़ सौ कर्मचारियों का स्टॉफ बढ़ेगा। इस तरह दो दशक पूर्व हनुमानगढ़ रेलवे की पहचान जिस तरह से थी, वह अब लौटेगी। अपने तेरह वर्ष के कार्यकाल के बारे में उन्होंने बताया कि पहले बीकानेर रेल मंडल में नाइट पेट्रोलिंग में एक ही स्टॉफ लगता था।

शीतकाल में कई रेलवे कर्मचारियों की जानें जाती थी। एक ही स्टॉफ को सोलह किमी तक पैट्रोलिंग करनी होती थी। लेकिन मेरे कार्यकाल में मैंने नाइट पेट्रोलिंग में एक की जगह दो स्टॉफ को लगाने का आदेश जारी करवाया। इससे कर्मचारियों का कार्य आसान हुआ। हादसे कम हुए। उन्होंने बताया कि पूरे देश में बीकानेर रेल मंडल ही एक ऐसा है, जहां पर नाइट पेट्रोलिंग में दो कर्मचारियों का स्टॉफ तैनात रहता है। कर्मचारियों की वेलफेयर के लिए संगठन स्तर पर दो लाख रुपए तक आर्थिक मदद देने की बात कही।

शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

बीकानेर, (निसं)। वाहनों की बढ़ती चोरी की वारदातों के बीच कोटगेट थाना पुलिस ने एक शातिर व आदतन वाहन चोर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपी से चोरी की पांच मोटरसाइकिलें बरामद कर ली है। आरोपी से पूछताछ में अन्य वारदातें खुलने की भी संभावना है।पुलिस के अनुसार, तोलाराम शर्मा पुत्र राधाकिशन निवासी समता भवन के पास शिवा बस्ती गंगाशहर ने गत सात जून को कोयला गली से मोटरसाइकिल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस पर आईजी ओमप्रकाश, एसपी तेजस्विनी गौतम, एएसपी दीपक शर्मा व सीओ सिटी श्रवणदास सन्त के सुपरविजन में कोटगेट थाना प्रभारी मनोज कुमार शर्मा के नेतृत्व में टीम गठित की गई। इस टीम ने आरोपी राहुल जावा पुत्र गोविन्दराम वाल्मिकी निवासी साधुना पीएस पांचू बीकानेर हाल किरायेदार शिव मन्दिर के पीछे शिवबाड़ी पीएस जेएनवीसी बीकानेर को गिरफ्तार कर लिया।

तीन एकड़ जमीन पर बनेगा ई-बसों का डिपो

बीकानेर, (कासं)। पीएम ई बस सेवा योजना के तहत शहर में ई बसों के संचालन के लिए कवायद प्रारंभ हो गई है। ई बसों को खड़ा करने, चार्जिंग व रख रखाव के लिए तीन एकड़ जमीन पर डिपो का निर्माण होगा। योजना के तहत बीकानेर को 50 ई बसों का आवंटन हुआ है। ये बसें सिटी ट्रांसपोर्ट के रूप में संचालित होंगी। ई बसों के संचालन के लिए प्रारंभिक रूप से शहर में छह रूट तय किए गए हैं।

परकोटा क्षेत्र में ई बसों के संचालन की संभावना कम है। जिला कलक्टर के नेतृत्व में नगर निगम, नगर विकास न्यास के अधिकारी ई बसों के संचालन की प्रारंभिक तैयारियों में जुटे हुए हैं। जिला कलक्टर ई बसों के डिपो के संचालन के लिए स्थानों का निरीक्षण कर चुकी हैं। ई बसों के रख रखाव व संचालन कार्य के लिए बस डिपो का निर्माण व इलेक्ट्रिकल कार्य होगा, जिसका प्रारंभिक एस्टीमेट भी तैयार किया गया है।

ई बसों के संचालन के लिए डिपो निर्माण को लेकर शहर में चार स्थानों को प्रारंभिक रूप से चिन्हित किया गया। निगम आयुक्त अशोक कुमार आसीजा के अनुसार इनमें चौधरी भीमसेन सर्कल से बीछवाल के बीच सरकारी भूमि, हल्दीराम प्याऊ जयपुर रोड पर सरकारी भूमि, एमजीएसयू के पास नेशनल हाइवे पर सार्वजनिक गोचर भूमि, भीनासर के पास नोखा रोड पर नेशनल हाइवे के दोनों और सार्वजनिक गोचर भूमि, नगर विकास न्यास के स्वामित्व की किसी उपयुक्त स्थान पर भूमि शामिल है। जिला कलक्टर की ओर से इनमें से किसी एक उपयुक्त स्थान का चयन कर प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए थे। जिला कलक्टर को एमजीएसयू के पास नेशनल हाइवे पर सार्वजनिक गोचर भूमि में इस कार्य के लिए भूमि आवंटन को लेकर प्रस्ताव भेज दिया गया है।

ई बसों के डिपो में विद्युत सप्लाई व्यवस्था का जिमा संभाल रहे व निगम एक्सईएन विद्युत अनिल कनवाडिया के अनुसार ई बसों के डिपो के लिए तीन मेगावाट विद्युत सप्लाई की जरूरत रहेगी। 33 केवी फीडर से विद्युत सप्लाई की जरुरत रहेगी। बीकेईसीएल के अधिकारियों के साथ एमजीएसयू के पास जमीन मौका मुआयना किया गया। करीब तीन किमी विद्युत लाइन डाली जाएगी। यह विद्युत सप्लाई मुरलीधर 33 केवी जीएसएस से सप्लाई होगी। वास्तविक विद्युत लाइन की लंबाई जमीन आवंटन के बाद ही तय हो सकेगी। ई बसों के डिपो के लिए सिविल वर्क के लिए प्रारंभिक रूप से अनुमानित एस्टीमेट तैयार किया गया है।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email- SECYUTT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN
Office Address :- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2024/2991 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक 27.5.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती राधा पत्नी श्री नानकचन्द निवासी गुरूनगर, पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखण्ड रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :–

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण		
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	मृत्यु प्रमाण पत्र एवं विवरण	जायज वारिसों का विवरण	दस्तावेज का विवरण
चक 6 जैड ए मुरब्बा सं. 08 के किला सं. 9 में भूखण्ड माप 25'x35'3" फीट भूखण्ड संख्या ए-70	आवासीय नियमन पट्टा सं. 8901 दिनांक 25.09.2018 को नानकचन्द पुत्र श्री आत्माराम के नाम से जारी है। जो आज कि तिथि में दर्ज है।	श्री नानकचन्द की मृत्यु दिनांक 21.5.2021 को हो चुकी है।	1. राधा - पत्नी 2. सोनू - पुत्री 3. रवि चावला - पुत्र 4. दीपक चावला - पुत्र	श्री नानकचन्द की मृत्यु उपरान्त इनके वारिसों द्वारा अपना हक जरिये पंजीकृत दस्तबरदारी के द्वारा अपनी माता के हक में कर दिया। श्रीमती राधा द्वारा पंजीकृत दस्तबरदारी, वारिस प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर भूखण्ड के नामान्तरण हेतु न्यास में आवेदन किया है

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में श्रीमती राधा पत्नी श्री नानकचन्द निवासी गुरूनगर, पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के सम्बन्ध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति उजर स्वीकार नहीं होगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कलेक्टर कानाराम ने चिकित्सकों की बैठक ली

हनुमानगढ़, (कासं)। टाउन स्थित महात्मा गांधी स्मृति राजकीय जिला चिकित्सालय में जिला कलेक्टर काना राम ने चिकित्सकों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी विभागों के चिकित्सकों से विभाग में सुविधाएं बढ़ाने, उपकरण, दवाइयों एवं मैन पॉवर की आवश्यकताओं की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

■ **चिकित्सालय में सुविधाओं के विस्तार पर लम्बी चर्चा**

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर संवेदनशील है। राज्य सरकार प्रत्येक चिकित्सालय की व्यवस्थाओं पर निगरानी रखे हुए है। ऐसे में चिकित्सक पूरे मनोयोग से मरीजों का उपचार करना सुनिश्चित करें। मरीजों को चिकित्सालयों में परेशानी नहीं आनी चाहिए। समस्याओं का समाधान आपसी समन्वय स्थापित कर करें।

जिला कलक्टर ने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा। पीएमओ योजना की प्रति सप्ताह समीक्षा बैठक ले। उन्होंने चिकित्सकों से चिकित्सालय के विस्तार और आवश्यकताओं को लेकर सुझाव प्राप्त किए। बैठक में थाईराईड जांच, एमटीसी, साइकेट्रिक, कॉटेज, बर्न वार्ड इत्यादि के पुनः संचालन में नर्सिंगकमिर्यों की व्यवस्था पर विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि चिकित्सालय में नहरी जलापूर्ति व्यवस्था के लिए पीएचईडी को पत्र लिखा जाए।

बैठक में जिला कलेक्टर ने क्रिटिकल केयर ब्लॉक के एकल बिल्डिग में निर्माण करवाने और निर्माण के दौरान विभिन्न विभागों की वैकल्पिक व्यवस्थाओं और नई लैब निर्माण को लेकर विचार-विमर्श किया। उन्होंने मुख्य भवन के कॉटेज वार्ड के लिए इंजीनियर्स से राय लेने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने कहा कि इसी तरह हर माह बैठक आयोजित कराए। एक साथ बैठने से चिकित्सालय के विकास और मरीजों के उपचार व्यवस्था में और अधिक सुधार होगा। इस दौरान जिला कलेक्टर ने एक-एक चिकित्सक से वार्ता कर उनकी यूनिट और सुधार सुझावों की जानकारी लीं। बैठक टीटीसी हॉल में ओपीडी समय के बाद हुई। इसमें प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. शंकर लाल सोनी, उपनियत्रंक डॉ. राजेश कुमार, डॉ. ओपी सोलंकी सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित थे।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
IDFC FIRST Bank
(पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031, फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

परिशिष्ट-IV-ए
(नियम 8 (6) 9 व (1) का प्रावधान देखें)
अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री की सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन अचल सम्पत्तियों की बिक्री करने के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद् द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप से कालम (ii) के अनुसार ऋण ग्रहिता(ओं) तथा सह-ऋणग्रहिता (ओं) को सूचित किया जाता है कि कालम (iii) के अनुसार नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियों जो सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित रखी गयी है, तथा इन सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड जो पहले आईडीएफसी बैंक लि. के नाम से जाना जाता था, के प्राधिकृत अधिकारी ने ले लिया है। इन सम्पत्तियों की बिक्री 04 जुलाई 2024 को "जहाँ है जैसी है", "जो कुछ है यह है" तथा "जो कुछ है वहाँ है" के आधार पर, जेसा नीचे वर्णित है, कालम (iv) के अनुसार ऋणग्रहिता (ओं) तथा सह-ऋणग्रहिता (ओं) के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) को बकाया राशी की वसूली के लिये की जायेगी।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिये क्रमशः आईडीएफसी फर्स्ट बैंक वेब साइट पर उपलब्ध कराये गये लिंक, अर्थात www.idfcfirstbank.com

निलामी का विवरण

क्र. सं.	(i) डिमांड नोटिस राशि	(ii) सहमति	(iii) नाम ऋण ग्रहिता (ओं) एवं सहऋणग्रहिता (ओं)	(iv) गिरवी सम्पत्ति का पता	(v) आरक्षित मूल्य राशि	(vi) ईएमडी राशि	(vii) निलामी की तिथि व समय	(viii) ईएमडी निलामी की तिथि व समय	(ix) सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि	(x) अधिकृत अधिकारी का नाम व मोबाईल नं.
1	रूपये 2364245.57/- डिमांड नोटिस तिथि 03 फरवरी 2022	31987730	भवानी सिंह परिहार एवं याशिका कंवर	फ्री होल्ड रिहायशी सम्पत्ति, सोनी सिंघी चौक, बटुक मंदिर स्ट्रीट के पास, बीकानेर, क्षेत्रफल 243 वर्गगज (2x2) का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है पूर्व-रास्ता, पश्चिम-श्री किस्तूरन्द कोठारी की सम्पत्ति, उत्तर-बाडा बुलाकी दास पुगलिया एवं फतह चन्द व लिखमी चन्द पुगलिया का मकान वर्तमान मकान विश्वेश्वर दास हर्ष एवं बुलाकी दास हर्ष, दक्षिण-श्री मेघराज पुगलिया का मकान वर्तमान मकान हरी गोपाल सोनी	रूपये 3820720.00/-	रूपये 382072.00	04 जुलाई 2024 प्रातः 11.00 से दिन में 1.00 तक	03 जुलाई 2024 प्रातः 10.00 से सायं 5.00 तक	28 जून 2024 प्रातः 10.00 से सायं 4.00 तक	नाम-सरदीप राठौड, मोबाइल नम्बर- 9887772255 नाम-आंचल शर्मा, मोबाइल नम्बर- 7737204242

अस्वीकरण- कृपया ध्यान दें कि यह नोटिस केवल अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए जारी किया गया है तथा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को चल सम्पत्तियों को बेचने का अधिकार नहीं है, यदि कोई, अचल सम्पत्ति पर मौजूद हो।

दिनांक- 17.06.2024
स्थान- बीकानेर

प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)